बिहार विधान परिषद्
समापन भाषण
209वां सत्र

माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,

माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय,

माननीय नेता, विरोधी दल,

माननीय उप सभापति,

माननीय सदन उप नेता द्वय,

मंत्रिपरिषद माननीय सदस्यगण,

माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,

माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल,

माननीय उप मुख्य सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल,

माननीय सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल,

विभिन्न दलों के माननीय नेतागण,

बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,
प्रिंट एवं इलक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !

बिहार विधान परिषद् के 209वें सत्र का आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल 18 बैठकें आयोजित हुईं।

209वें सत्र में कुल 1485 प्रश्न प्राप्त हुए जिनमें से 1300 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया।185 प्रश्न अस्वीकृत हुए। इनमें से 377 प्रश्न सदन में उत्तरित हुए। इस सत्र के लिए नेवा के माध्यम से कुल 1069 तारांकित प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, इनमें से 925 प्रश्नों को स्वीकृत कर विभाग भेजा गया है। कुल 575 सूचनाओं को कार्यसूची पर लाया गया है। 682 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए। नेवा के माध्यम से 433 अल्पसूचित प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं। इनमें से 387 प्रश्नों को स्वीकृत कर विभाग भेजा गया। 289 प्रश्नों को कार्यसूची पर लाया गया एवं 289 उत्तर प्राप्त हुए।

वर्तमान सत्र में विभाग द्वारा कार्यसूची पर अंकित प्रश्नों के अतिरिक्त 22 अल्पसूचित प्रश्नों एवं 140 तारांकित प्रश्नों के उत्तर नेवा के माध्यम से प्राप्त हुए जिन्हें सदन पटल पर रखने हेतु निदेशित किया गया। वर्तमान सत्र के शेष लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुशंसा करता हूं।

इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 216 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 114 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुईं। 74 सूचनाएं उत्तरित हुईं, शेष 10 सूचनाएं व्यपगत हुईं। 29 सूचनाएं समिति को सुपुर्द की गईं।

शून्यकाल की कुल 174 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें 112 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया एवं 48 सूचनाएं अस्वीकृत की गईं। 14 सूचनाएं व्यपगत हुईं।

निवेदन की कुल 248 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें से 235 सूचनाएं स्वीकृत हुईं, 11 सूचनाएं अस्वीकृत हुईं तथा 2 सूचनाएं व्यपगत हुईं। सभी स्वीकृत निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है। सदन में महत्वूपर्ण विषयों पर वाद-विवाद में सहभागिता के लिए सदन के सभी माननीय सदस्यों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं।

वर्तमान सत्र में निम्नलिखित विधेयक पारित किए गए --

(1) बिहार विनियोग विधेयक, 2025

(2) बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2025

(3) बिहार काष्ठ आधारित (स्थापना एवं विनियमन) विधेयक, 2025

(4) बिहार सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2025

इस उच्च सदन में आप सबके सहयोग से गरिमा के अनुरूप राजकीय कार्यों के निष्पादन के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस हुई है। सदन के सभी सदस्यों को इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, माननीय उप सभापति, माननीय नेता, विरोधी दल, माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण का आभारी हूं कि आप सबने सत्र के दौरान संसदीय दायित्वों के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को अपनी रिपोर्टिंग के जरिए प्रकाशित और प्रसारित करते हुए जनसाधारण के प्रति हमारे दायित्वों एवं सरोकारों को रखा है।

अंत में, मैं बिहार विधान परिषद् के सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके सहयोग से इस सत्र के दौरान मैं संसदीय दायित्वों का सफलतापूर्वक संचालन करने में समर्थ हो सका हूं।

धन्यवाद ।

अवधेश नारायण सिंह

27 मार्च, 2025 **सभापति**